## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR DATE : 08.09.2024, PAGE-02

**नई व्यवस्था** • बीआरएबीयू में सत्र 2023-27 के फर्स्ट सेमेस्टर से किया जा रहा लागू

# स्नातक के 1.32 लाख स्टूडेंट को इसी महीने नए फॉर्मेट में मिलेगी मार्कशीट

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक के 1.32 लाख छात्र-छात्राओं को इसी महीने नए फॉर्मेट में मार्कशीट मिल जाएगी। इस मार्कशीट में किसी पेपर के मार्क्स नहीं रहेंगे। सभी पेपर के कोड, विषय के नाम, क्रेडिट स्कोर और ग्रेड लिखे रहेंगे। पेपर में जो मार्क्स मिले होंगे, उसके अनुसार ग्रेडिंग होगी। कुल 9 तरह के न्यूमेरिक व अल्फाबेटिक ग्रेड बनाए गए हैं। सभी पेपर की ग्रेडिंग के साथ ही ओवरऑल रिजल्ट भी ग्रेड के अनुसार ही दिया जाएगा।

स्नातक सत्र 2023-27 के फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट आने के बाद से ही स्टूडेंट्स को मार्कशीट का इंतजार है। इनका मार्कशीट जल्द ही विश्वविद्यालय से कॉलेजों को भेजा जाएगा। मार्कशीट के नए फॉर्मेट से स्टूडेंट्स को मार्क्स की जानकारी नहीं मिल सकेगी। परसेंटेज के आधार पर 9 तरह के ग्रेड रहेंगे। 90 फीसदी से अधिक अंक होने पर ओ ग्रेड यानी आउटस्टैंडिंग मिलेगा। 80 से 90 फीसदी तक ए प्लस यानी एक्सीलेंट और 70 से 80 फीसदी तक ए यानी वेरी गुड मिलेगा। इनके अलावा बी प्लस, बी, सी, पी, एफ व एबी ग्रेड हैं। विश्वविद्यालय परीक्षा बोर्ड ने इस मार्कशीट को पिछले हफ्ते अप्रूव किया है। परीक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि जल्द ही इसकी प्रिंटिंग शुरू होगी और कॉलेजों को मार्कशीट भेज दी जाएंगी।

**होगी ग्रेडिंग :** सभी पेपर में ग्रेड व क्रेडिट स्कोर रहेगा, मार्क्स की जानकारी नहीं होगी



### डिजी लॉकर में अपलोड किए जाएंगे डॉक्युमेंट

विश्वविद्यालय में सभी स्टूडेंट्स के डॉक्युमेंट डिजी लॉकर में अपलोड किए जाएंगे। परीक्षा विभाग ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। ऐसे में स्नातक के स्टूडेंट्स की मार्कशीट तैयार करके कॉलेजों को भेजने के साथ ही विश्वविद्यालय उसे डिजी लॉकर में भी अपलोड करेगा। अभी फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट आया है, तो पहले उसकी मार्कशीट अपलोड की जाएगी। इसके बाद सेकेंड सेमेस्टर की भी अपलोड होगी। वहीं, एबीसी आईडी भी जेनरेट किया जा रहा है। इससे सीबीसीएस के तहत संचालित कोर्स के स्नातक व पीजी स्टूडेंट्स को बड़ी सुविधा मिलेगी। हर सेमेस्टर में उनके क्रेडिट स्कोर इसी में जमा होंगे।

### इधर, पीजी अंग्रेजी के फर्स्ट सेमेस्टर का एक सप्ताह बाद भी रिजल्ट जारी नहीं

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू ने पीजी सत्र 2023-25 के फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट पिछले सप्ताह जारी कर दिया। लेकिन, अंग्रेजी विभाग के छात्रों का रिजल्ट अटका हुआ है। इस कारण छात्र-छात्राएं परेशान हैं। वे लगातार रिजल्ट की जानकारी के लिए विभाग और विवि का चक्कर लगा रहे हैं। परीक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि अबतक एईसीसी का अंक नहीं मिला है। विभाग को रिमाइंडर भेजा गया है। अंक मिलते ही रिजल्ट जारी हो जाएगा। उधर, अन्य विभागों के रिजल्ट में गड़बड़ी को छात्र परेशान हैं। बड़ी संख्या में छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग हुआ है, जिसमें सुधार के लिए आवेदन आ रहे हैं। वहीं, मूल्यांकन को लेकर भी छात्रों ने सवाल उठाए हैं। स्थिति यह है कि अबतक 5 सौ से अधिक छात्रों ने आरटीआई से कॉपी निकालने के लिए आवेदन दिया है। शनिवार को भी आरटीआई सेक्शन में छात्रों की भीड़ लगी रही। छात्रों का कहना था कि उन्हें उम्मीद से कम अंक दिया गया है। विभाग में शिकायत करने पर कहा गया कि आरटीआई से कॉपी निकालकर देख लें। बता दें कि कॉलेज और विभाग की लापरवाही से अधिकतर छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग हो जाता है। विश्वविद्यालय ने इंटरनल और प्रायोगिक परीक्षा का अंक भेजने के लिए एप विकसित किया है। इसके बाद भी निर्धारित समय में विवि को अंक नहीं मिल रहा है।

### आवेदन करने पर टीआर से उपलब्ध कराया जाएगा अंक

अंकों को लेकर बच्चों के मन में उत्पन्न होने वाली हीनभावना को खत्म करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया गया है। इसमें केवल मार्कशीट का फॉर्मेट ही बदला गया है। मूल्यांकन के बाद जो टीआर तैयार होगा, उसमें सभी पेपर के मार्क्स रहेंगे। यह परीक्षा विभाग के पास सुरक्षित रहता है। कोई स्टूडेंट अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं है, तो वह आरटीआई के तहत जानकारी मांग सकता है। उस समय कॉपी के साथ ही टीआर से मिलान करके उसके मार्क्स का वेरिफिकेशन किया जाएगा। नए पैटर्न के कोर्स को लेकर टीआर का फॉर्मेट भी बदल गया है, जिसे परीक्षा बोर्ड से अप्रूव्ड करा लिया गया है।

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 08.09.2024, PAGE-02

# सेंट्रल रांची से बिहार विवि का एमओयू

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालय रांची के साथ एमओयू किया है। इस पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास व बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू के अंतर्गत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि के लिए साझा कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

# परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल ने कार्यभार संभाला, मिली बधाई

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक के पद पर शनिवार को डॉ. सुबालाल पासवान ने योगदान किया। राजभवन की ओर से शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई थी। आरसी कॉलेज सकरा के मनोविज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुबालाल को कार्यभार ग्रहण करने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बधाई दी। डॉ. सुबालाल ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा और रिजल्ट के लिए जो शेड्यूल निर्धारित है, उसका पालन करते हुए समय से कार्य पूरा कराना उनकी प्राथमिकता है। इसके साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के सहयोग से व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाने का प्रयास करेंगे। बता दें कि अगले 4 महीने परीक्षा विभाग के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान स्नातक की 2 बड़ी परीक्षाओं का आयोजन अक्टूबर में ही कराना है। इसके अलावा पीजी सहित वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स की कई परीक्षाएं भी होनी है। साथ में समय से मूल्यांकन कार्य पूरा कराकर परिणाम भी जारी करना है।

# DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:08.09.2024, PAGE-04

## चार वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा में पूछे जाएंगे 120 प्रश्न

**जासं, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के बीएड कालेजों में चार वर्षीय बीएड कोर्स में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में 120 अंकों के 120 आब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे। प्रवेश परीक्षा के प्रश्न कुल पांच हिस्सों में होंगे। इसमें सामान्य अंग्रेजी कंप्रिहेंशन से 15, सामान्य हिंदी से 15, लाजिकल एंड एनालिटिकल रीजनिंग से 25 और टीचिंग लर्निंग एनवायरनमेंट इन स्कूल्स से कुल 25 सवाल पूछे जाएंगे। सबसे अधिक जनरल अवेयरनेस से 40 सवाल आएंगे। प्रवेश परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें सवालों का जवाब ओएमआर शीट पर देना होगा। जारी ब्रोशर के अनुसार 29 सितंबर को जिले में प्रवेश परीक्षा होगी। 16 सितंबर तक अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वहीं 17 - 20 सितंबर तक अभ्यर्थी विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर पाएंगे। 24 सितंबर को एडमिट कार्ड जारी होगा।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 08.09.2024, PAGE-04

## नए परीक्षा नियंत्रक ने दिया योगदान



नए परीक्षा नियंत्रक को शुभकामना देते कुलपति ● जागरण

**जासं, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नए परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने शनिवार को पदभार संभाला। उन्होंने रजिस्ट्रार समेत अन्य के साथ बैठक की। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय की परीक्षा से लेकर कई परीक्षाओं के परिणाम जारी होने हैं। ऐसे में इसकी पूरी रूप-रेखा तैयार होगी। कापियों के मूल्यांकन में भी पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाएगी। कहा कि छात्र-छात्राओं को सही समय पर परीक्षा और परिणाम का प्रकाशन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जल्द ही विभाग के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे। विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसकी व्यवस्था होगी। परीक्षा कैलेंडर का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 08.09.2024, PAGE-04

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ हुआ एमओयू

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, रांची के साथ एमओयू साइन किया है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय और केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड रांची के कुलपति क्षिति भूषण दास ने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक-विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में सहयोग महत्वपूर्ण रूप से वर्णित हैं। इस समझौता के साथ ही विश्वविद्यालय का दो दर्जन विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हो चुका है।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 08.09.2024, PAGE-06

### राजभवन ने एक से अधिक वेबसाइट पर जताई नाराजगी, विवि से मांगी जानकारी

# निर्देश : विश्वविद्यालय अब एक से अधिक वेबसाइट नहीं रख सकेंगे

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों में अब एक ही वेबसाइट चलेगा। राजभवन ने एक से अधिक वेबसाइट चलाने पर नाराजगी जताई थी। राजभवन ने बिहार विवि समेत सभी विश्वविद्यालयों को पत्र भेजकर विवि के वेबसाइट की जानकारी मांगी है। रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण ने बताया कि राजभवन को जानकारी दे दी गई है। बीआरएबीयू में अभी दो वेबसाइट सक्रिय हैं। इनमें एक पर ही छात्रों को सारी जानकारियां मिलेंगी।

परीक्षा, रिजल्ट और एडमिशन से संबंधित सारी जानकारी विश्वविद्यालयों को एक ही वेबसाइट पर डालनी होगी। विद्यार्थियों को एक ही क्लिक में उनकी जरूरत की जानकारी मिल जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय में वेबसाइट पूरी तरह से अपडेट रहेगा। बीआरएबीयू के प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने बताया कि बीआरएबीयू में अब एक ही वेबसाइट पर सभी जानकारियां डाली जा रही हैं। नैक मूल्यांकन से संबंधित जानकारियां भी इसी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीनेट चुनाव से संबंधित जानकारी भी वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है।



- बिहार विश्वविद्यालय में अभी सक्रिय है दो वेबसाइट
- अब एक ही वेबसाइट पर होगी सारी जानकारी

## बीआरएबीयू व झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

मुजफ्फरपुर, वरीय संवाददाता। कैंपस में शोध और अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बीआरएबीयू व रांची स्थित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू पर बीआरएबीयू की तरफ से कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय तो झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने हस्ताक्षर किया।

इसको लेकर बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि अब दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी एक दूसरे की मदद से गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य कर सकेंगे। इसके अलावा अकादमिक गतिविधियों को भी परस्पर सहयोग से मजबूती देने में मदद मिलेगी। इससे क्षमता निर्माण, शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच बेहतर संबंध विकसित होंगे। वे एक दूसरे की संस्कृति से परिचित होंगे। साथ ही सेमिनार, कार्यशाला के माध्यम से भी उनकी क्षमताओं को और विकसित किया जाएगा। वहीं विषयों के विशेषज्ञ करिकुलम विकास पर भी मिलजुल कर काम करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों के पास समृद्ध पुस्तकालय भी है। ये पुस्तकालय पूरी तरह से ऑनलाइन हैं। इसका लाभ दोनों विश्वविद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों के अलावा शोधार्थियों और शिक्षकों को भी मिलेगा।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 08.09.2024, PAGE-06

# विवि के नये परीक्षा नियंत्रक ने दिया योगदान

- परीक्षाओं के लंबित परिणामों पर अधिकारियों संग किया विमर्श
- बोले, छात्रहित सर्वोपरि, परीक्षा कैलेंडर पर किया जाएगा अमल

मुजफ्फरपुर, वरीय संवाददाता। बीआरएबीयू के नये परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। डॉ. पासवान ने योगदान देने के बाद बीआरएबीयू की कुलसचिव प्रो. अपराजिता कृष्णा व डीआर-2 से मुलाकात की। इस क्रम में उन्होंने दोनों अधिकारियों से चर्चा कर परीक्षा विभाग की वर्तमान परिस्थितियों की जानकारी ली। परीक्षा विभाग की आगामी कार्ययोजना व परीक्षाओं के लंबित पड़े परिणामों को लेकर भी उनसे विचार विमर्श किया।

परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि उनके लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। विश्वविद्यालय के नियमानुसार उनके हित के लिए जो भी जरुरत होगी, वे प्राथमिकता के साथ उन्हें निपटाएंगे।



बिहार विवि के नए परीक्षा नियंत्रक सुबालाल का स्वागत करते कर्मचारी।

इसी क्रम में उन्होंने विश्वविद्यालय के दो वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परीक्षा विभाग से जुड़े मसलों पर विचार विमर्श किया। इसमें आगामी परीक्षाओं का समय पर संचालन कराने के साथ त्रुटिरहित परीक्षाफल प्रकाशन शामिल था। मूल्यांकन कार्य को लेकर भी चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि उनको आगामी महीनों में विश्वविद्यालय द्वारा कई परीक्षाएं आयोजित किए जाने की जानकारी मिली है। वहीं पिछले महीनों में कराई गई परीक्षाओं के लंबित परिणाम के जारी किए जाने के बारे में भी बताया गया है। इसके अलावा मूल्यांकन में गड़बड़ी, डिग्री, प्रोविजनल प्रमाणपत्रों को जारी करने सहित अन्य समस्याओं के बारे में सूचना मिली है। जल्द ही वे विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर इन मुद्दों पर चर्चा करेंगे और उनका विवाद रहित निपटारा भी सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे। परीक्षा कैलेंडर को फॉलो करने का भी प्रयास किया जाएगा।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 08.09.2024, PAGE-04

### बीआरएबीयू. दो घंटे की परीक्षा में 120 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का देना होगा उत्तर

# इंटीग्रेटेड बीएड में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 29 को, मुजफ्फरपुर में होगा केंद्र

**इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स**

- 16 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में दाखिले के लिए 29 सितंबर को प्रवेश परीक्षा होगी. इसमें प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे. इसमें शामिल होने के लिए 16 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क और 17 से 20 सितंबर तक विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है.

प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार अक्तूबर को जारी किया जायेगा. प्रवेश परीक्षा में कुल 120 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे. दो घंटे में अभ्यर्थियों को इसका उत्तर देना होगा. यानि प्रत्येक एक मिनट में एक प्रश्न हल करना होगा. इसमें जनरल अवेयरनेस से 40, जनरल इंग्लिश कंप्रिहेंशन से 15, जनरल हिंदी से 15, लॉजिकल एंड एनॉलिटिकल रिजनिंग से 25 और टीचिंग-लर्निंग इनवॉयरमेंट इन स्कूल्स से 25 सवाल पूछे जायेंगे. परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी शुरू हो गयी है. पहली बार बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को इंटीग्रेटेड बीएड में नामांकन की प्रक्रिया को पूरी करने का जिम्मा सौंपा गया है. यहीं के चार बीएड कॉलेजों में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स का संचालन होता है. इससे पूर्व में ललित नारायण मिथिला विवि को इस कोर्स के लिए नोडल सेंटर बनाया गया था.

## पीजी परिणाम पर आक्रोश, 500 से अधिक स्टूडेंट्स ने आरटीआइ से मांगी कॉपी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से जारी पीजी सत्र 2023-25 के प्रथम सेमेस्टर के परिणाम मे गड़बड़ी का आरोप लगा छात्र आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं. बड़ी संख्या मे छात्रों का परिणाम पेंडिंग दिखा रहा है. वहीं स्टूडेंट्स ने प्राप्त अंक पर असंतोष व्यक्त किया है. परिणाम जारी होने के बाद से चार दिनों मे पांच सौ से अधिक छात्रों ने आरटीआइ से कॉपी निकालने के लिए विभाग मे आवेदन दिया है. दिनभर आरटीआइ सेक्शन मे छात्रों की भीड़ लगी रहती है. छात्रों ने बताया कि उन्हें



उम्मीद से कम अंक दिया गया है. इस कारण वे कॉपी निकालकर संतुष्ट होना चाहते हैं. इधर, विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि जैसे-जैसे इंटरनल और प्रायोगिक परीक्षा का अंक प्राप्त हो रहा है, पेंडिंग की समस्या समाप्त हो रही है.

**अंग्रेजी का अबतक जारी नहीं हुआ परिणाम** इस सत्र के अंग्रेजी का परिणाम अबतक जारी नहीं किया गया है. इस कारण छात्र-छात्राएं परेशान हैं. लगातार विश्वविद्यालय मे परिणाम जारी होने से संबंधित क्वेरी लेकर पहुंच रहे हैं. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि अबतक एइसीसी का अंक विवि को नहीं मिला है. विभाग को इस संबंध मे रिमाइंडर भेजा गया है. अंक प्राप्त होते ही परिणाम जारी हो जाएगा.